## समाचार संक्षेप

### हिंदू शौर्य जागरण मशाल यात्रा निकाली, प्रशासन रहा चाक चौबंद

**आरोन ।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के नेतृत्व में सकल हिन्दू समाज द्वारा अयोध्या बाबरी विध्वंस की बरसी के उपलक्ष्य में विशाल मशाल यात्रा निकाली गई, यात्रा के पूर्व दास हनुमान मंदिर चौराहे पर सायं 6 बजे समाज का एकत्रीकरण हुआ, जय-जय श्री राम के उदघोषों के साथ मंचासीन अतिथियों ने राम दरबार की पूजा-अर्चना की प्रखंडमंत्री दीपक ओझा ने अतिथि परिचय के साथ : बौद्धिक (भाषण) के लिए विहिप के जिला मंत्री राकेश विभाग संगठन मंत्री योगी वीर सिंह और मुख्य अतिथि प्रांत सत्संग प्रमुख सुरेश जी को क्रम से आमंत्रित किया वक्ताओं ने हिन्दू शौर्य की अनेक गाथाओं को ऐतिहासिक घटनाओं को अपने जोशिले बौद्धिक के माध्यम से समाज के



सामने प्रस्तुत किया, सन 1528 को श्रीराम जन्मभूमि पर बाबर के मंसूबे को कैसे थोपा गया और फिर हिन्दू शौर्य जागरण के कारण 06 दिसम्बर 1992 को बाबरी विध्वंस कैसे किया गया और आज विश्व के अद्वितीये राममंदिर पर अयोध्या में शान से भगवा ध्वज लहराता है इस का वृतांत सुनाया, वक्ताओं ने कहा बाबर उस धर्म को मिटाना चाहता था जो हिन्दू धर्म प्रकृति का धर्म है जिसके लिए नदियां शंकर शालिगराम तराशतीं हैं आकाश में भोर का सूरज भगवा रंग लेकर दिन की यात्रा प्रारंभ करता है जहां सबके सुख की कामना की जाती है, भाषणों के उपरांत कार्यकर्त्ताओं ने हाथों में मशाल लेकर जय जय श्रीराम के नारों के साथ यात्रा निकाली इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन चौकन्ना रहा यात्रा का समापन इंदिरा पार्क पर किया गया कार्यक्रम के अंत में विहिप बजरंगदल के प्रखंड अध्यक्ष राजेश शास्त्री ने समाज तथा प्रशासन के लिए आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया।

### संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा आयोजन के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली गई

**आरोन।** नगर के गोस्वामी उत्सव वाटिका परिसर में मां पीतांबरा सेवा समिति के तत्वावधान में चतुर्थ वर्ष संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह कथा दिनांक 14 दिसंबर 2025 से 21 दिसंबर 2025 तक आयोजित होगी। कथा व्यास पंडित रामसेवक शास्त्री द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का मधुर, संगीतमय एवं अमृतमयी वाणी से वाचन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालु भक्त आध्यात्मिक रस से सराबोर होंगे। कथा आयोजन के शुभारंभ से पूर्व रविवार दोपहर को भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ गायत्री मंदिर से हुआ, जो श्री दास हनुमान मंदिर चौराहा, गुलाबगंज चौराहा, मेंन मार्केट होते हुए कथा स्थल गोस्वामी उत्सव वाटिका



पहुँची। शोभायात्रा में सबसे आगे बैंड दल द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। बाहर से पधारे कलाकार ढपले की आकर्षक धुनों पर अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे थे। इनके पीछे ढोल वाले ढोल बजाते हुए चल रहे थे पीछे महिलाएं एवं बालिकाएं सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा के साथ शोभायात्रा में सम्मिलित हुईं।मार्ग में विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं एवं श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया तथा श्रीमद् भागवत जी का पूजन-अर्चन कर धर्म लाभ अर्जित किया गया।आयोजन समिति ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक होगी। समिति ने समस्त कृष्ण भक्तों एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### गुना जिले के गांव-गांव में हिंदू सम्मेलन के शंखनाद की गूंज, मार्की मऊ में

**गुना ।** जिले में प्रत्येक गांव एवं बस्तियों में आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन के शंखनाद की गूंज अब मार्की मऊ मे सुनाई देने लगी है। इसी क्रम में आज मार्की मऊ में भव्य बैठकों का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर व्यापक चर्चा की गई।इन बैठकों में प्रत्येक गांव स्तर पर समितियों का गठन किया गया तथा गठित समितियों को धर्म ध्वज, कलश एवं पीले चावल प्रदान कर उन्हें गांव-गांव, घर-घर संपर्क अभियान हेतु रवाना किया गया। इस



अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ता प्रत्येक हिंदू परिवार से आत्मीय संपर्क स्थापित करेंगे तथा परिवार के प्रत्येक सदस्य से सपरिवार हिंदू सम्मेलन में सहभागी बनने का आग्रह करेंगे। साथ ही सम्मेलन के उद्देश्य, महत्व जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।बैठकों के दौरान मार्की मऊ के सभी गांव मे कलश एवं धर्म ध्वज प्रदान किए गए, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह, श्रद्धा एवं संगठनात्मक चेतना का वातावरण बना। इस अवसर पर विभाग संघ चालक अशोक कुशवाह , प्रांतीय अधिकारी लखन , जिला कार्यवाह मनोज भदोरिया , खंड कार्यवाह सोनू राठौर विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने हिंदू सम्मेलन को सफल, प्रभावशाली एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए संगठित प्रयास, व्यापक जनसंपर्क और समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता पर बल दिया।








हॉकर्स जैकेट वितरण कार्यक्रम में प्रख्यात समाजसेवी के उदगार

# समाचार पत्र वितरकों को संदेश दूत कहना चाहिए: प्रेमनारायण राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

समाचार पत्र वितरकों को हॉकर्स नहीं बोला जाना चाहिए, ये शब्द एक अच्छा संबोधन नहीं है। बल्कि उन्हें संदेश दूत बुलाना चाहिए। एक बात और सभी संदेश दूतों से कहना चाहूंगा कि आप अपने काम में ईमानदारी बरतें और अच्छे समाज के निर्माण में सहयोगी बनें। ये बात प्रख्यात समाजसेवी प्रेमनारायण राठौर (भजन सेठ) ने कही। वे रविवार को पत्रकार भवन में आयोजित समाचार पत्र वितरकों के जैकेट वितरण कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, वरिष्ठ पत्रकार महावीर सिंह तोमर, प्रेस क्लब अध्यक्ष आनंद सिंह लोढा सहित राठौर समाज के वरिष्ठजन मंचासीन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक राठौर ने की। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसमें अतिथियों द्वारा माता पितांबरा एवं बाबा खाटूश्याम के चित्र पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात अतिथियों का औपचारिक





स्वागत श्याम पट्टिका पहनाकर किया गया।

#### हॉकर्स की समस्या, अब मेरी समस्याः लोढा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रेस क्लब गुना के अध्यक्ष आनंद सिंह लोढा ने कहा कि हॉकर्स को सुबह के समय अखबार डालने के दौरान तमाम प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कभी उनके ऊपर कुत्ते भौंकते हैं तो कभी उन्हें चोरी के आरोपों का भी सामना करना पड़ता है। जबकि सच्चाई ये है कि हमारे हॉकर्स ईमानदारी से अपना काम करते हैं। लोढा ने यह भी कहा कि प्रेस क्लब अध्यक्ष होने के नाते उनकी जिम्मेदारी केवल पत्रकारों की नहीं है, बल्कि वे अब हॉकर्स की समस्याओं के लिए भी सदैव साथ खड़े रहेंगे।

#### पत्रकार भवन एक सपने जैसाः तोमर

हॉकर्स जैकेट वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार महावीर सिंह तोमर ने पत्रकार भवन की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पत्रकार भवन को गुना जिले के लिए एक सपने जैसा बताया। उन्होंने कहा कि पत्रकार भवन बनना किसी भी जिले के लिए नामुमकिन जैसा है, लेकिन प्रेस क्लब के अध्यक्ष आंनद सिंह लोढा ने इस सपने को साकार कर दिखाया है।

#### यह रहे उपस्थित

स्व. भगवानदास राठौर जी एवं सुशीलाबाई राठौर की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ , राठौर समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन राठौर, गुना जिलाध्यक्ष नरेन्द्र राठौर, महामंत्री राजेन्द्र राठौर, उपाध्यक्ष मुकेश राठौर, कोषाध्यक्ष राजेश राठौर, श्रीमति संगीता राठौर, रमेशचंद्र राठौर, किरण राठौर, कृषि उपज मंडी समिति सचिव श्याम मोहन मीना , मंडी इस्पेक्टर गिर्राज गर्ग, मुकेश कुमार मॉडल,राजकुमार सिंह रुठियाई, प्रेमनारायण राठौर प्रेमी सहित तमाम गणमान्य नागरिक रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रेम सिंह प्रेम एवं वरिष्ठ पत्रकार नीरज त्रिपाठी ने किया। जबकि आभार नंदकिशोर कुशवाह ने व्यक्त किया।

### ओडिशा में किसान नेताओं पर हमले के विरोध में ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

ओडिशा के क्योंझर ज़िले में ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय नेता सत्यवान तथा अन्य किसान नेताओं पर हुए कथित हमले, अपहरण और अवैध हिरासत के विरोध में शनिवार को एआईकेकेएमएस के प्रतिनिधि मंडल ने आरोन के अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

एआईकेकेएमएस के आरोन ब्लॉक सदस्य अजयपाल यादव एवं नीलेश बैरागी ने ज्ञापन में कहा गया कि 9 दिसंबर 2025 को SKM के राष्ट्रीय नेता सत्यवान एवं साथियों पर कथित रूप से BJP से जुड़े असामाजिक तत्वों द्वारा सशस्त्र हमला किया गया, जिसमें कई किसान नेता घायल हुएऔर सत्यवान के माथे पर गंभीर चोट आई। हमले के बाद उन्हें जबरन उठाकर तुरुमुंगा थाने ले जाया गया, जहाँ कथित रूप से पुलिस की मौजूदगी में कई घंटों तक अवैध हिरासत में रखा गया और मोबाइल छीनने का प्रयास किया गया।

एआईकेकेएमएस ने आरोप लगाया कि घटना उस समय हुई जब नेता जिंदल पोस्को प्रतिरोध मंच की आमसभा से लौट रहे थे, जहाँ ग्रामीणों ने अपनी पुश्तैनी जमीन को कॉर्पोरेट कंपनियों को सौंपने से इनकार करते हुए संघर्ष की जानकारी साझा की थी।

संगठन ने 26 नवंबर को ग्रामीण नेताओं की देर रात की गई गिरफ्तारियों और झूठे मुकदमों का भी उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य में भय का वातावरण बनाया जा रहा है। संगठन ने इसे लोकतंत्र, शांतिपूर्ण विरोध और संवैधानिक अधिकारों पर सीधा हमला बताते हुए राष्ट्रपति से उच्च स्तरीय न्यायिक जांच, आरोपित तत्वों एवं पुलिस अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई, ग्रामीणों पर हो रहे दमन को रोकने तथा किसानों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

# कर्तव्य से विमुख होने पर पथभ्रष्ट होते हैं कर्तव्य पालन करें : मुनि योग सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

धर्म परायण नगरी राघौगढ़ में गत 7 दिसंबर से चल रहे श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का समापन नगर में भगवान की विशाल शोभायात्रा के साथ हुआ। समापन अवसर पर संत सुधा सागर धाम स्थित संभवनाथ जिनालय परिसर में विशाल पंडाल में मंगल प्रवचन करते हुए आचार्य विद्यासागर महाराज के ज्येष्ठ श्रेष्ठ शिष्य निर्यापक मुनि योग सागर महाराज ने कहा हमें जीवन में अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए। हम कर्तव्य का पालन नहीं करेंगे तो पथभ्रष्ट हो जाएंगे। आपने कहा जीवन तभी सफल होगा जब हम कर्तव्य परायण होंगे। मुनिराज ने कहा राघौगढ़ नगर वासियों का सौभाग्य था कि हमें यहां आने का अवसर मिला। श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान सभी ने भक्ति भाव से किया है। राघोगढ़ के धर्म प्रेमी जन बार-बार गुना आते थे और हमसे राघौगढ़ आने का आग्रह करते थे। आपका पुण्य प्रबल था कि यह सब संयोग मिला। मुनिराज ने जैन समाज राघोगढ़ की धर्मप्रायणता एवं संत सेवा की सराहना करते हुए कहा मैंने पहले भी कहा था यह नगरी भगवान श्री राम के नाम से राघौगढ़



के नाम से जानी जाती है। भगवान श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम थे। राघोगढ़ वाले भी मर्यादा में रहकर धर्म पालन कर रहे हैं। कटंगी से पधारे सुप्रसिद्ध प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी संजीव भैया ने कहा राघौगढ़ नगर में गौशाला प्रारंभ हो रही है यह प्रसन्नता की बात है।

आपने गोशाला के संचालन के लिए 21 लाख रुपए दान राशि एकत्रित करायी। आपने कहा गोशाला के लिए टीन शेड ट के निर्माण के लिए गत दिवस विधायक जयवर्धन सिंह अपनी विधायक निधिसे पांच लाख रुपए देने की घोषणा कर गए हैं। संजीव भैया जी ने भी पांच लाख रुपए बाहर से दान एकत्रित कर गोशाला में देने का आश्वासन दिया। साथ ही राघौगढ़ में नवीन जैन रजत विमान निर्माण हेतु आपने दानदाताओं से लगभग 12 किलो चांदी दान करायी। भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक एवं जैन समाज ट्रस्ट कमेटी के मार्गदर्शक मंडल के वरिष्ठ सदस्य विजय कुमार जैन ने बताया है विधान के समापन के अवसर पर आज प्रातः 7:00 बजे से भगवान का अभिषेक शांति धारा एवं सामूहिक नव देवता पूजन हुई तत्पश्चात मुनिराज जी के मंगल प्रवचन हुए। ब्रह्मचारी संजीव भैया जी के निर्देशन में सामुहिक हवन का आयोजन करके हवन में आहुतियां दी गई। प्रातः 10:00 बजे 12 पालकियों एवं एक रथ में भगवान को विराजमान कर इंद्र इंद्राणियों एवं साधर्मियों का विशाल जुलूस संत सुधासागर धाम से प्रारंभ हुआ जो नगर के प्रमुख मार्गो से होकर श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचा। जहां भगवान का अभिषेक कर वेदियों में विराजमान किया गया। दोपहर भोजन की व्यवस्था संत सुधासागर धाम में सामूहिक की गई थी जिसमें जैन समाज राघौगढ़ सहित बाहर से पधारे साडा कॉलोनी, एनएफएल विजयपुर, धरनावदा,रुठियाई गुना,आरोन, आवन, कुंभराज, बीनागंज, जामनेर के समाजजनों ने धार्मिक कार्यक्रम एवं समापन में भाग लिया ।

जामनेर से जैन समाज के लगभग 60 पुरुष एवं महिलाएं यहां आए और सभी ने निर्यापक मुनि योग सागर जी महाराज ससंघ के चरणों में श्रीफल भेंट कर जामनेर पधारने का आग्रह किया। श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान के पुण्यार्जक परिवार डॉ अजित रावत, अनिल रावत, डॉ अमित रावत, आशीष रावत, जैन समाज राघौगढ़ के अध्यक्ष सिंघई अशोक कुमार भारिल्य आदि ने सिद्ध चक्र मंडल महामंडल विधान सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया है। गत रात्रि आयोजित विदाई समारोह में विधान आयोजन एवं संत सेवा में सक्रिय भूमिका निभाकर आयोजन को सफल बनाने वालों का सम्मान किया गया। विदाई समारोह का संचालन विकास कुमार जैन ने किया

## मुख्य अतिथि जयवर्धन सिंह ने मार्ग पट्टिका का अनावरण किया

# मुनि संघ सानिध्य में हुआ मुनि निर्लेप सागर मार्ग का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

राघौ महाराज की पावन नगरी राघौगढ़ में संत सुधा सागर धाम स्थित संभवनाथ जिनालय परिसर में चल रहे श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के आठवें दिन सिद्ध भगवान की आराधना करते हुए भक्ति भाव से 1024 वर्ग समर्पित किए गए। राघौगढ़ नगर गौरव मुनि निर्लेप सागर जी महाराज के नाम पर नगर पालिका राघौगढ़ विजयपुर ने श्री फाटक हनुमान मंदिर से रेस्ट हाउस जाने वाले मार्ग का नामकरण मुनि निर्लेप सागर मार्ग घोषित किया है। आचार्य विद्यासागर महाराज के ज्येष्ठ श्रेष्ठ शिष्य निर्यापक मुनि योग सागर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में मुख्य अतिथि जयवर्धन सिंह ने उक्त मार्ग पट्टिका का अनावरण किया। ज्येष्ठ श्रेष्ठ मुनि योग सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन करते हुए कहा जयवर्धन सिंह सेवा भावी एवं समर्पित हैं।आपने कहा राजनीति के साथ-साथ धर्म नीति भी अपनाना आवश्यक है। महाराज ने यह भी उल्लेख किया दिग्विजय सिंह आचार्य विद्यासागर से मिलते रहते



थे उनके आदेशों का उन्होंने पालन किया है। जयवर्धन सिंह भी सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलकर विश्व शांति के लिए कार्य करेंगे। आपने यह भी कहा राजनेता धर्म नीति पर चलेंगे तो देश में साधु संतों की साधना भी शांतिपूर्वक होगी। विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा हम मुनिराज की आज्ञा का पालन करेंगे और राघौगढ़ में गोशाला का विधिवत शुभारंभ कराएंगे। आपने यह भी घोषणा की कि गोशाला के लिए नए सत्र में अप्रैल में टीन शेड बनाने के लिए पांच लाख विधायक निधि से स्वीकृत करेंगे।

विधायक जयवर्धन सिंह ने संत सुधा सागर धाम में विद्या वाटिका एवं समय वाटिका पट्टीका का अनावरण एवं पौधरोपण किया। सिद्ध चक्र महामंडल विधान के पुण्यार्जक परिवार के वरिष्ठ डॉक्टर अजित रावत पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ने स्वागत भाषण में सभी का स्वागत किया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक विजय कुमार जैन ने अपने उद्बोधन में उल्लेख किया कि राजा दिग्विजय सिंह एवं जयवर्धन सिंह ने राघौगढ़ सहित पूरे प्रदेश की जैन समाज एवं जैन तीर्थों के संरक्षण के लिए योगदान दिया है। आपने यह भी उल्लेख किया मुनि निर्लेप सागर महाराज ने राघौगढ़ का गौरव बढ़ाया है। योगेंद्र भारिल्य ने मुनि निर्लेप सागर महाराज का जीवन परिचय प्रस्तुत किया। रावत परिवार के डां अमित रावत ने कहा हमारा सौभाग्य रहा इस धार्मिक अनुष्ठान में हमें मुनि संघ का पावन सानिध्य मिला।

### अभा जानकी सेना संगठन ने टेकरी मंदिर पर किया सुंदरकांड पाठ

गुना । अखिल भारतीय जानकी सेना संगठन द्वारा विश्व शांति हेतु 656 वे सामूहिक सुंदरकांड का आयोजन किया गया , जिसमें विभिन्न स्थानों से संगठन के 500 से अधिक सदस्य सम्मिलित हुए । ज्ञात रहे कि संगठन पिछले ग्यारह वर्षों से देश एवं विदेशों में निरंतर सुंदरकांड पाठ के माध्यम से सद्भावना , शान्ति एवं सनातन संस्कृति का प्रचार प्रसार कर रहा है ।हाल ही में संगठन के सेवाभावी सदस्यों द्वारा शिवपुरी में आयोजित बागेश्वर धाम के पीठाधीश श्री धीरेन्द्र शास्त्री जी की कथा में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया गया था ।आज के सुंदरकांड आयोजन एवं आरती के पश्चात 90 से अधिक सेवाभावी जानकी सैनिकों को मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर



संगठन के सदस्यों द्वारा श्री हनुमान टेकरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नारायण लाल अग्रवाल , उपाध्यक्ष चिरोंजी लाल प्रजापति , जगदीश अग्रवाल का अंग वस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया । टेकरी ट्रस्ट द्वारा अखिल भारतीय जानकी संगठन के अध्यक्ष विक्रमसिंह रावत , राष्ट्रीय महासचिव बॉबी राजा चौहान एवं जिलाध्यक्ष नीरज मित्तल का सम्मान किया गया ।साथ ही टेकरी ट्रस्ट की ओर से सभी पधारे हुए बंधुओं का शाब्दिक सम्मान किया गया संगठन के पदाधिकारियों में विशेष रूप से संरक्षक बिठ्ठल दास मीना , उपाध्यक्ष अजय शर्मा , सचिव प्रशांत सोनी मीडिया प्रभारी राजेश माथुर एवं सोशल मीडिया प्रभारी रविंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे , तत्पश्चात प्रसादी का आयोजन संपन्न हुआ । कार्यक्रम के मुख्य यजमान मुकेश सोनी शिवपुरी रहे ।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात कारणों के चलते महिला ने लगाई फांसी

**पिपरई।** थाना पिपरई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कैनवारा में एक दुखद घटना सामने आई है, जहां 27 वर्षीय महिला कृष्णा पत्नी कल्लू अहिरवार ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना उस समय सामने आई जब परिजनों ने महिला को घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटका देखा। तत्काल इसकी सूचना पिपरई थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतरवाकर पंचनामा कार्रवाई की। इसके पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतका और उसके पति के बीच अक्सर आपसी विवाद होते रहते थे। हालांकि आत्महत्या के वास्तविक कारणों का अभी तक स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है और सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगा।

### सड़क हादसे में महिला की मौत

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के थाने के अंतर्गत मोहरी चक्क गांव के पास रविवार को एक 32 वर्षीय महिला आत्मा बाई अहिरवार की मौत हो गई। महिला के पति अशोक अहिरवार ने ट्रेक्टर चालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है बताया गया है कि महिला परासरी गांव से बाईक द्वारा अपने घर नानौन वापिस लौट रही थी। उन्होंने अपनी बाईक सड़क किनारे रोक दी थी इसी दौरान पास में खडे ट्रेक्टर ने रिवर्स करना शुरू कर दिया जिससे ट्राली का पहिया आत्मा बाई पर चड़ गया जिससे उसकी मौत हो गई।

### लायंस के नेत्र शिविर में 125 मरीजों की जांच

**अशोकनगर।** रविवार को रघुवंशी धर्मशाला में लायंस क्लब अशोकनगर वेस्ट एवं रघुवंशी युवा संघ के तत्वाधान में लायंस नेतृत्व चिकित्सालय गुना के सहयोग से एक निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 125 मरीजों की जांच हुई जिसमें 25 मैरिज सेलेक्ट होकर गुना अस्पताल में ऑपरेशन होंगे। कार्यक्रम में लायंस क्लब अशोकनगर बेस्ट के अध्यक्ष धर्मेंद्र रघुवंशी खैजरा एवं रघुवंशी युवा संघ के अध्यक्ष मुकेश रघुवंशी सचिव आनंद रघुवंशी एवं महेंद्र रघुवंशी जितेंद्र रघुवंशी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### विश्वगीताप्रतिष्ठानम द्वारा जिला स्तर पर कार्यशाला का आयोजन

**अशोकनगर।** विश्वगीताप्रतिष्ठानम जिला कार्यशाला रविवार को स्वामी विवेकानंद हायर सेकेण्ड्री स्कूल में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में जिले के सभी तहसीलों विकासखडों के साथ पड़ौसी जिला गुना, विदिशा, शिवपुरी, राजगढ, सागर आदि जिलो के पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला 3 सत्रों में रखी गई प्रथम सत्र में प्रार्थना, व्यक्तिशः परिचय, संघटन के सिद्धांत, कार्यवृत्त, जिज्ञासा समाधान का आयोजन हुआ।

### जमीनी विवाद को लेकर आपसी संघर्ष

**शाढ़ौरा।** शाढ़ौर क्षेत्र के निकट स्थित ग्राम पिपरोल में विगत दिवस एक्सीडेंट में गोदा कुशवाह की पत्नी का निधन हो गया था। जिसे परिवार वालों ने शमशान भूमि के पास स्थित नथन सिंह रघुवंशी के खेत में दाह संस्कार कर दिया था। ऐसा आरोप लगाते हुए नथन सिंह के भाई संजीव सिंह रघुवंशी ने थाना शाढ़ौरा में रिपोर्ट की है कि पिपरोल के हरिओम कुशवाह पुत्र कोमल प्रसाद ,बलवीर कुशवाह पुत्र धन्नालाल ने मृतक के परिवार वालों से मिलकर मेरे भाई नथन सिंह की खड़ी फसल वाले खेत में शव का अंतिम संस्कार कर दिया। जब मैंने इस बात को लेकर रामदिनेश की कटिंग की दुकान पर उनसे कहा कि तुम लोगों ने ऐसा क्यों किया तो वहां उपस्थित हरिओम कुशवाह ,बलवीर कुशवाह ,कमली कुशवाह और ओमप्रकाश कुशवाह ने मेरे साथ गाली गलौच की और हाथापाई कर मारपीट की जिससे मुझे मुदी चोट आई हैं ।

आदि कुमार आहार के लिए निकले, आज महोत्सव में मोक्ष कल्याणक के साथ गजरथ की फेरी

# पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में ज्ञान कल्याणक की प्रक्रियाएं दिखाई गईं





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

परम पूज्य निर्यापकाचार्य तीर्थ चक्रवर्ती मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज के ससंघ सान्निध्य में एवं प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया, मुकेश भैया के निर्देशन में चल रहे श्रीमद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ में रविवार को प्रातः काल की वेला में भगवान के ज्ञान कल्याणक की महा पूजन हुई। इसके बाद परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में महा मुनि आदि सागर की पडगाहन विधि की गई। इस दौरान कैलाश पर्वत से आदि सागर महाराज कईं स्थानों का भ्रमण करने के बाद आहार के लिए निकले।

### आज से ही हुआ था दान तीर्थ का प्रवर्तन

आज महा मुनि राज की आहार चार्य हो रही है आज से ही दान तीर्थ का प्रवर्तन हुआ था जब स्वयं भरत चक्रवर्ती ने राजा सोम श्रेयांस के दान की प्रशंसा करते हुए उनका हस्तिनापुर पहुंच कर बहुमान किया था। राजा श्रंयाश के यहां हस्तिनापुर में मुनि श्री ने आहार की तमाम सामग्री होने के बाद भी गन्ने का रस लिया था। ज्ञान कल्याणक वह क्षण हैं जब तीर्थंकर को सभी कर्मों का क्षय करके केवल ज्ञान प्राप्त होता है। मोक्ष की प्राप्ति के बाद वह अरिहंत बन जाते हैं। यह सब मोक्ष कल्याणक में होगा। केवल ज्ञान के बाद भगवान समव शरण में विराजमान होते हैं। यह घटना आत्मा के परमात्मा बनने की प्रक्रिया को दर्शाती है। इस कल्याणक में शामिल होने से पुण्य की प्राप्ति होती है। जैन धर्म में पंच कल्याणक में ज्ञान कल्याणक का बहुत महत्व है क्योंकि यह तीर्थंकरों के जीवन की 5वी और सबसे महत्वपूर्ण घटना है जहां पर उन्हें सर्वज्ञ ज्ञान की प्राप्ति होती है जो आत्मा के परमात्मा बनने का प्रतीक है। राजा रिषभ देव नारी शिक्षा के प्रथम उदघोषक थे, उन्हे 1 वर्ष 39 दिन बाद आहार मिला था।





### विश्व शांति महायज्ञ में सबा करोड़ मंत्रो के साथ के साथ की जायेगी आहूति समर्पित-विजय धुर्रा

इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में चल रहे विश्व शांति महायज्ञ में कल सबा करोड़ मंत्रो के साथ आहुति समर्पित की जायेगी। इसके बाद दोपहर में भगवान जिनेन्द्र देव की भव्य अति भव्य गजरथ यात्रा की सात फेरीया पूरे अयोध्या नगरी की होगी जहां बेदी पर प्रभु विराजमान है। इस भव्य शोभायात्रा में सबसे आगे आगे मुनि संघ के साथ गजरथ और अन्य रथ बैन्ड वाजे इन्द्र इन्द्रणी सहित मुख्य पात्र रथों पर सवार होकर चलेंगे जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारिल्य मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडिटर संजय के टी संयोजक मनोज रन्नौद उमेश सिघई मनीष सिंघई श्रेयांसघैला थूवोनजी अध्यक्ष अशोकजैन टींगूमिल महामंत्री मनोज भैसरवास सहित अन्य प्रमुख जनो सभी से सभी कार्यक्रमों में शामिल होने का निवेदन किया है।

### आचार्य श्री को आहार देने का दृश्य याद आ रहा है: मुनिश्री

मुझे याद आ गया वो पल जव आचार्य श्री को आहार देने का दृश्य जब आचार्य श्री के करकमलों में ग्रास रखा आठ दिन के त्याग में तीन चार ग्रास लिए। आचार्य ने क्या देखा उनकी दृष्टि में क्या चमत्कार है वह दृश्य आज तक मेरी आंखों में झलक रहा है। आठ दिन से आगे नियम लिया ही हर समय आनंद उमड़ता मन आनंद से भरा रहता है। इस समय इस पंचम काल में मुनि पद में जो आनंद है उसका कहना ही क्या चतुर्थ काल जंगलों में मुनि महाराज को शेर खा जायें तो पता नहीं। आज तो संत शाला में मच्छर भी नहीं आ सकता। कमेटी ने जालियां लगा रखी है आज संयम लेने का सबसे अच्छा मौका है आज महा मुनि को केवल ज्ञान की प्राप्ति हो गई अव उन्ही से दिव्य ध्वनि सुनने को मिल रही है

**इस महोत्सवो के पुण्य का छट्टा भाग सीमा पर बैठे सैनिकों को मिलता है** इस दौरान मुनिश्री ने कहा कि मैं पहले भी कह चुका हूं कि आज जो आप धर्म कर रहे हैं शान्ति से यज्ञ-हवन कर रहे हैं इसमें सीमा पर बैठ सैनिकों का सबसे ज्यादा योगदान है उन्हे भी इन महोत्सवों का छः भाग पुण्य का मिलता है शादी में भी चमत्कार शास्त्रों में आया है मैनसुन्दरी ने माता पिता के पसंद से शादी की चाहती तो मना कर सकती थी लेकिन नहीं माता पिता संसार के कार्य वहीं करना जो माता पिता कह देगा जो मां खिलाने की इच्छा होगी माताओं से कहना है कि अपने बेटे की इच्छा से नहीं है अपनी इच्छा से करना आप को भारत में जन्म लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।



## खेल प्रतियोगिता का परिचय प्राप्त कर शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सांसद खेल प्रतियोगिता वर्ष 2025 प्रारंभ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशन जिला अशोकनगर में सांसद खेल महोत्सव वर्ष 2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ दिनांक 14 12.2025 से स्थानीय संजय स्टेडियम अशोकनगर खेल मैदान पर जजपाल सिंह पूर्व विधायक अशोकनगर द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रतियोगिताएं प्रारंभ कराई गई। इस अवसर पर धर्मेंद्र रघुवंशी महामंत्री भाजपा सचिन चैधरी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

प्रथम दिवस दिनांक 14.12.2025 को बास्केटबॉल, ताइक्वांडो, एथलेटिक्स एवं वॉलीबॉल खेलों के आयोजन कराए गए। इनमें ब्लॉक अशोकनगर, चंदेरी, मुंगावली, ईसागढ़ के खिलाड़ियों ने भाग लिया। बास्केटबॉल जूनियर बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में जिला बास्केटबॉल संघ अशोकनगर ने सिटी पब्लिक स्कूल अशोकनगर को हराया वहीं बालिका जूनियर वर्ग फाइनल मैच में जिला बास्केटबॉल संघ ने सिटी पब्लिक स्कूल को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया ,सीनियर बास्केटबॉल के मुकाबले में महिला एवं पुरुष वर्ग में जिला बास्केटबॉल संघ अशोकनगर की टीमें विजेता रहीं। इस दौरान संयोजक प्रहलाद श्रीवास्तव एवं अंपायर के रूप में आदित्य शर्मा उपस्थित रहे। एथलेटिक्स 100 मीटर बालक वर्ग जूनियर में प्रियांशु नामदेव ईसागढ़ ने प्रथम ,पीयूष कुशवाहा ने द्वितीय एवं तृतीय स्थान शीलू कुशवाह ने प्राप्त किया। 100 मीटर सीनियर बालक वर्ग में प्रिंस अहिरवार मुंगावली ने प्रथम, सुमित रघुवंशी से शाडोरा ने द्वितीय एवं राहुल सेन ईसागढ़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

100 मी बालिका जूनियर वर्ग में कुमारी प्रतिका गुप्ता ने प्रथम, कुमारी कनिका जैन ने द्वितीय, कुमारी मौसम यादव ने तृतीय स्थान पाया इसी प्रकार 100 मी सीनियर बालिका वर्ग में कुमारी मुस्कान कुशवाहा ने प्रथम रजनी अहिरवार ने द्वितीय स्थान पाया। लॉन्ग जंप बालक वर्ग में पीयूष कुशवाहा अशोकनगर ने प्रथम ,अनिल बागड़ी ने द्वितीय, आशिक यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लॉन्ग जंप बालिका वर्ग में कुमारी संगीता यादव ने प्रथम, कुमारी कनिका जैन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर लॉन्ग जंप बालिका वर्ग में कुमारी निधि गुर्जर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालक वर्ग लॉन्ग जंप में सुमित रघुवंशी ने प्रथम, राहुल सेन ने द्वितीय, गोपाल धानुक ने तृतीय स्थान पाया। 1000 मीटर दौड़ में अनुष्का कटारिया में प्रथम कुमारी प्रतिका गुप्ता ने द्वितीय एवं कुमारी नेहा जाटव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर बालिका वर्ग में कुमारी रजनी अहिरवार प्रथम कुमारी मुस्कान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## वार्ड-8 में 20 लाख की लागत से बनेगी सीसी सड़क व नाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों की श्रृंखला जारी है। इसी क्रम में बुधवार को वार्ड क्रमांक 08, खालसा कॉलोनी में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। यह निर्माण कार्य लगभग 20 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया, पूर्व विधायक जजपाल सिंह,ने वार्ड पार्षद गीता आर्य सहित अन्य पार्षदों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान पार्षद विपिन शिवहरे, धर्मेंद्र रघुवंशी खेजरा मनीष धुरेंटे, नगर पालिका से उपयंत्री शिवकुमार रघुवंशी प्रशांत गोस्वामी, राकेश शर्मा, बाबा शिवहरे एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे। स्थानीय निवासियों ने बताया कि लंबे समय से सड़क और नाली निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा और वार्ड की तस्वीर बदलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान वार्डवासियों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।





### थाना कोतवाली अंतर्गत हुई मोबाइल चोरी का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. रवि प्रताप सिंह चैहान द्वारा मोबाइल चोरी का पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 21.11.2025 को फरियादी सुजल पुत्र अशोक कुमार जैन आयु 20 साल निवासी गोपालगंज स्टेशन रोड अशोकनगर ने थाने पर उपस्थित होकर सूचना दी कि फरियादी की स्टेशन रोड पर स्थित मोबाइल की दुकान पर से रात्री में अज्ञात चोर द्वारा दुकान की छत तोडकर 25 मोबाइल चोरी कर ले गए है। टीम द्वारा लगातार प्रयास करते हुये तकनीकी संसाधनों के आधार पर प्रदीप पिता श्रीलाल लोधी निवासी तुलसी कलोनी अशोकनगर, अभिषेक केवट निवासी छैलाबाग रोड अशोकनगर एवं गोलू पिता मुन्नालाल प्रजापति निवासी गोशाला रोड अशोकनगर से चोरी गए मोबाईल के संबंध में पूछताछ की तो अभिषेक केवट निवासी छैलाबाग रोड अशोकनगर द्वारा उक्त मोबाईल चोरी कर प्रदीप पिता श्रीलाल लोधी निवासी तुलसी कलोनी अशोकनगर एवं गोलू पिता मुन्नालाल प्रजापति निवासी गोशाला रोड अशोकनगर को चोरी के मोबाईल बेचना बताया एवं उक्त आरोपियों कब्जे से चोरी गये 13 मोबाइल बरामद किये गये।

सीताराम विवाह की कथा सुनने उमड़ी भीड़

## अहंकार मिटते ही मिल जाती है सीता रूपी भक्तिः आचार्य देवमुरारी बापू


हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नईसराय सुरई मैदान में श्री सीताराम विवाह महोत्सव की कथा सुनाते अंतरराष्ट्रीय धर्माचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने कहा भगवान श्री राम और लक्ष्मण अपने गुरुगुरु विश्वामित्र जी के साथ जनकपुर पहुंचे और जनकपुर की पुष्प वाटिका में भगवान श्री राम जी और सीता जी का मिलन हुआ।

दोनों ने मन से एक दूसरे को समर्पित कर दिया जिसको हम गंधर्व विवाह कहते हैं लेकिन निर्णय अपने गुरु जी और समाज के ऊपर छोड़ा पर आज विपरीत होता है कि लड़का लड़की एक दूसरे से मिलते हैं और भाग कर शादी कर लेते हैं इसलिए वह विवाह का संबंध ज्यादा दिन नहीं चलता है समाज द्वारा जब मान्यता मिलती है तो विवाह उम्र भर चलता है। आजकल के नौजवान माता-पिता एवं गुरु जी से बिना पूछे विवाह करते हैं नौबत तलाक तक आती है और यहां तक की हत्या भी होने लगी है इसलिए विवाह में अपने बड़ों की सहमति बहुत जरूरी है। राम जी जब धनुष यज्ञशाला में पहुंचे तो सभी राजा लोगों के बीच में रखा हुआ धनुष जिसको कोई भी राजा तोड़ नहीं पाया बड़ी उम्र वाले और कई हजार हाथियों की ताकत वाले राजा भी मौजूद थे क्योंकि उन्होंने अपने गुरु और इष्ट देव से आशीर्वाद नहीं लिया राम जी ने गुरु विश्वामित्र जी से आशीर्वाद लिया और धनुष को तोड़कर संपूर्ण विश्व में कीर्ति स्थापित की इसलिए गुरुजनों का आशीर्वाद हमारे लिए ताकत देता है। राम जी धनुष तोड़ने के बाद अपने सिंहासन पर बैठे और समय अनुसार भगवती सीता अपने हाथ में वर्णमाला लेकर आई और राम जी के गले में वरमाला डालकर उनको अपने पति रूप में प्राप्त किया क्योंकि उन्होंने माता गौरी से राम जी को पति के रूप में मांगा था आज भी कोई व्यक्ति भगवान से छल कपट छोड़कर कोई भी वास्तु मांगता है तो भगवान उसकी मनोरथ अवश्य पूरा करते हैं यह सब बातें हमें कथा के माध्यम से प्राप्त होती हैं।



## बिना परमिशन चल रहे कई मैरिज गार्डन



**ईसागढ़।** विकासखंड ईसागढ़ में बिना अनुमति संचालित हो रहे मैरिज गार्डन लगातार अव्यवस्थाओं को जन्म दे रहे हैं, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर किसी भी प्रकार की ठोस कार्रवाई देखने को नहीं मिल रही है।

इन गार्डनों में ना पानी की व्यवस्था, न फायर सेफ्टी, न पार्किंग, फिर भी खुलेआम कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पार्किंग न होने से बारात और वाहनों के कारण नगर के मुख्य मार्गों पर घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। सबसे गंभीर मामला यह है कि कुछ जगह स्कूल संचालक बच्चों की छुट्टी कर स्कूल भवनों को ही शादीदृसमारोह के लिए किराए पर दे देते हैं, जो न सिर्फ शिक्षा व्यवस्था का मजाक बनाता है बल्कि सुरक्षा नियमों का भी खुला उल्लंघन है। इन मैरिज गार्डन में शादी समारोह के दौरान कई नाबालिग बच्चो को देखा गया है जो गार्डन में काम करते हुए दिखते हैं और बारात लगते समय लाइट पकड़े नजर आते हैं। जबकि नाबालिग बच्चो से कार्य कराना कानूनन अपराध है इसके बाद भी इनको अनदेखा कर दिया जाता है अधिकारियों द्वारा निरीक्षण नहीं करना कई प्रश्न खड़े करता है आखिर क्यों मैरिज गार्डन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

वैवाहिक जीवन से संबंधित 10 प्रकरणों का हुआ निराकरण

## लोक अदालत में 16 लाख 60 हजार रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ़



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक नगर के निर्देशन में न्यायालय तहसील ईसागढ़ में नेशनल लोक अदालत का हुआ आयोजन जिसमें न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अंशुल जैन ने न्यायालय में लगभग 51 प्रकरणों का निराकरण किया जिसमें चेक अनावरण से संबंधित पांच प्रकरणों का निराकरण किया वहीं वैवाहिक जीवन में संबंधित 10 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

नेशनल लोक अदालत में पति-पत्नी के बीच लगभग तीन वर्षों से चल रहे भरण पोषण के प्रकरण में न्यायाधीश द्वारा संदेश दिए जाने पर राजीनामा किया गया तथा उक्त पति-पत्नी के द्वारा अपने वैवाहिक जीवन को पुनः शुरू करने हेतु तत्परता दिखाई गई आयोजित नेशनल लोक अदालत में लगभग 16,60,000 की राशि का समझौते के आधार पर राजस्व प्राप्त हुआ तथा लोगों के द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया गया इस अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट अंशुल जैन सुलहकर्ता सदस्य के रूप में अधिवक्ता रविंद्र सिंह परिहार, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव सचिव के के शर्मा, वी एन अधिवक्ता गण उपस्थित रहे एवं न्यायालय कर्मचारी नरेंद्र नामदेव महेंद्र गोयल सरोज जैन सचिन झा कमलेश रजक महावीर रघुवंशी राजकुमार राजपूत एवं न्याय मित्र अमित गोस्वामी, पूजा कुशवाह, निधि रघुवंशी उपस्थित रहे।

## कथा में श्री कृष्ण जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली



नगर स्थित मंशापूर्ण हनुमान मंदिर में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा। भोपाल से पधारे सुप्रसिद्ध कथा वाचक सिद्धांत जी महाराज ने कथा के माध्यम से श्रोताओं को धर्म, मर्यादा और भक्ति का संदेश दिया। कथा वाचन के दौरान सिद्धांत जी महाराज ने कहा कि जीवन में भगवान शिव को जल अर्पण अवश्य करना चाहिए साथ ही सूर्य भगवान को नियमित रूप से जल अर्पण करने से सकारात्मक ऊर्जा और आरोग्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने भक्त प्रह्लाद के सुंदर चरित्र का वर्णन करते हुए भक्ति, विश्वास और धैर्य के महत्व को बताया। चतुर्थ दिवस की कथा में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम जी के आदर्श जीवन चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया गया। इसके साथ ही दानवीर राजा बलि की प्रेरणादायक कथा सुनाई गई जिसमें त्याग और दान की महिमा को उजागर किया गया। कथा के समापन पर कृष्ण जन्म महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। भजन-कीर्तन, जयकारों और पुष्प वर्षा के बीच भगवान श्री कृष्ण के जन्म की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिरस में सराबोर हो गया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और धर्मलाभ प्राप्त किया।

### विभागीय जांच में पाए गए थे दोषी, रसूखदार शिक्षकों से न हुई वसूली न एफआईआर

# मामला शिक्षा विभाग में हुए घोटाले का: 5 साल में नहीं वसूल पाए गबन के 50 लाख

### आयुक्त लोकशिक्षण ने परीक्षा शुल्क व अन्य मदों में पाई थीं गड़बड़ियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा

50 लाख के गबन के आरोप में दो साल तक निलंबित रहने वाले उच्च माध्यमिक विद्यालय बोडा के शिक्षकों पर आज भी जांच लंबित है। 2020 में जब इस मामले का खुलासा हुआ और इसकी शिक्षा विभाग द्वारा जांच करवाई गई तो उसमें लक्ष्मीचंद रूहेला और श्याम सुंदर विश्वकर्मा पर वित्तीय अनियमितता के आरोप लगे थे, परंतु अपनी रसूखदारी के चलते कुछ महीने निलंबित रहने के उपरांत पुनः जिले के दूसरे स्कूल में स्थानांतरित कर इनकी सेवाएं प्रारंभ हो गईं। प्रश्न यह है कि यदि 50 लाख के गबन का आरोप था और उसके आधार पर यदि लगभग 2 साल तक निलंबित रहे शिक्षक लक्ष्मीचंद रूहेला और श्याम सुंदर विश्वकर्मा को किस आधार पर निलंबन खत्म कर दिया गया जबकि 5 साल के लंबे अंतराल के बाद भी अभी विभागीय आयुक्त के पास जांच लंबित है।




#### लोकल परीक्षा शुल्क व अन्य शुल्कों में थीं अनियमितताएं

आयुक्त लोक शिक्षण के निरीक्षण के दौरान उच्च माध्यमिक विद्यालय बोडा की कैश बुक में कई तरह की खामियां पाई गईं जिसमें कई तरह की शुल्क की प्रविष्टियां या तो थी ही नहीं या फिर आधी अधूरी थीं। इसकी जब जांच की गई तो यह राशि 50 लाख को भी पार कर गई। ऐसे में जब इतना बड़ी गडबड़ियां उजागर हुईं तो डीई बैठाई गई। विभागीय जांच तात्कालीन बीईओ चित्रा व्यास को सौंपी गई थी तथा जांच प्रस्तुत करने का जिम्मा तात्कालीन मंडावर उच्च माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य स्व बालकृष्ण त्रिपाठी को सौंपा गया था। जिसमें दोनों शिक्षकों को दोषी माना गया था।

#### 10वीं की छःमाही परीक्षा कॉपी बोरे में भरकर फेंकने व कैश बुक न मिलने के आरोप

विभागीय जांच टीम ने जो जांच प्रतिवेदन सौंपा उसमें स्पष्ट लिखा है कि श्याम सुंदर विश्वकर्मा व्याख्याता एवं प्रभारी प्राचार्य बोडा उमावि से निरीक्षण के दौरान जब 10वीं की छःमाही परीक्षा की कॉपियां लाने के लिए कहा गया जो प्रभारी प्राचार्य पर रहते हुए विश्वकर्मा ने कहा की कॉपियां तो बोरे में भरकर फेंक दी गई और गणित विषय की कॉपी मिल नहीं रहीं है। वहीं जांच टीम द्वारा कैशबुक मांगने पर भी दोनों शिक्षकों द्वारा टीम को गलत जानकारी देते हुए गुमराह किया गया।

#### 5 साल बाद भी जांच पेंडिंग क्यों नहीं हुई दंडात्मक कारवाई

यदि विभागीय जांच में इन दोनों शिक्षकों को दोषी माना गया था जिसके चलते इनको निलंबित भी किया गया। फिर ऐसा क्या हुआ की न ही तो 50 लाख की राशी की रिकवरी इन शिक्षकों से हुई और न ही इन पर अभी तक कोई एफआईआर ही हुई। 5 साल से जांच लंबित होना इस बात को प्रमाणित करने के लिए काफी है कि इनकी विभागीय और राजनैतिक पकड़ कितनी मजबूत है कि इतने बडें घोटाले के आरोप के बाद भी आरोपी शिक्षक बेधड़क अपनी सेवाएं संड़ावता व बोड़ा के स्कूलों में दे रहे हैं।

**इनका कहना है...**

इनको निलंबित किया गया था इनकी जांच विभागीय आयुक्त के यहां लंबित है।
करन सिंह भिलाला, जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़

हां इन पर विभागीय जांच बैठी थी जिसमें दोषी माना गया था और उनका निलंबन भी किया गया था। - मनोज गुदेनिया, प्रभारी प्राचार्य बोड़ा उमावि

# सारंगपुर में अवैध कॉलोनियों में मकानों का बेधड़क निर्माण, जिम्मेदारों की अनदेखी

### अवैध कॉलोनी को लेकर कलेक्टर ने लगा रखा है प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭सारंगपुर

नगर में अवैध कॉलोनियों का मुद्दा एक बार फिर सुर्खियों में है। कलेक्टर द्वारा स्पष्ट निर्देश और रोक के बावजूद शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध प्लॉटिंग और मकानों का निर्माण लगातार जारी है। प्रशासनिक प्रतिबंधों को दरकिनार करते हुए कई कॉलोनाइजर खुलेआम निर्माण कार्य करवा रहे हैं, जबकि जिम्मेदार विभाग किसी भी तरह की कार्यवाई करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। यही कारण है कि अवैध निर्माणों पर रोक की जगह इनकी संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है।

जानकारी के अनुसार शहर सहित बाहरी क्षेत्रों में बिना अनुमति के प्लॉट काटे जा रहे हैं और मकान खड़े किए जा रहे हैं। न तो नगर पालिका से अनुमति ली जा रही है, न ही राजस्व विभाग और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के नियमों का पालन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद अधिकारी मौके पर जांच करने तक नहीं पहुंचते, जिससे अवैध निर्माणकर्ताओं के हौसले और बुलंद हो गए हैं। कलेक्टर द्वारा सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए जाने के बावजूद जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। सूत्र बताते हैं कि मिलीभगत और लापरवाही के कारण इन अवैध कॉलोनियों का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। नगरवासियों का कहना है कि यदि प्रशासन ने समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की तो आने वाले समय में बुनियादी सुविधाओं, सड़क, नाली और पेयजल जैसी समस्याएं बढ़ेंगी और नगर का असंतुलित विकास बड़ी चुनौती बन सकता है। फिलहाल शहरवासी प्रशासन से अपेक्षा कर रहे हैं कि अवैध कॉलोनियों पर रोक लगे और जिम्मेदार विभागों की जवाबदेही तय की जाए।



**बोले जिम्मेदार**

*अवैध कॉलोनियों को चिन्हांकित करवा कर उनमें हो रहे निर्माण कार्य पर रोक लगाएंगे।*
*ज्योति सुनेरे, सीएमओ सारंगपुर*

### आबकारी विभाग की कार्रवाई, 80 लीटर से अधिक अवैध मदिरा जब्त

*सारंगपुर। शनिवार को जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा सघन कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सारंगपुर वृत्त प्रभारी सौरभ कनासे द्वारा वृत्त सारंगपुर अंतर्गत ग्राम बदेशी, खजूरियाघाटा, पिपल्यापाल, बारोल, डोबड़ाजोगी, भेसवा, धनोरा सहित सारंगपुर नगर क्षेत्र के नगर पालिका के पीछे सीधाखाल, गांधी चौक, वाल्मीकि मोहल्ला एवं अन्य संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी गई। कार्रवाई में धारा 34 के तहत कुल 12 प्रकरण कायम किए गए। इस दौरान 22.5 लीटर देशी प्लेन मदिरा, 7.2 लीटर देशी मसाला मदिरा एवं 51 लीटर हाथ भट्टी कच्ची मदिरा जब्त की गई।*

# प्रभारी मंत्री चैतन्य कश्यप ने गिनाईं प्रदेश सरकार की 2 साल की उपलब्धियां

### जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में भी हुए सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य कश्यप मंगलवार को जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान सर्वप्रथम उन्होंने जिला भाजपा कार्यालय पहुंचकर पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा की।

तदुपरान्त जिला पंचायत सभागार में आयोजित जिला विकास सलाहकारी समिति की महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक उपरान्त कलेक्टोरेट में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश सहित जिले में हुए विभिन्न विकास कार्यों को बिन्दुवार गिनाया। हालांकि, राजगढ़ जिले में कोई बड़ा उद्योग विकसित नहीं हो पाने के मीडिया के सवाल का वे कोई संतुष्टिपरक जवाब नहीं दे पाए। प्रेसवार्ता की शुरूआत में उन्होंने राजगढ़ जिले की मोहनपुरा-कुंडालिया परियोजना से किसानों के जीवन में आए आमूलचूल बदलावों पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के संबंध में कहा कि पूरा प्रयास है कि आगामी वर्ष में चिकित्सा महाविद्यालय बनकर पूर्ण हो जाए। इसके साथ ही इस मेडिकल कॉलेज के लिए पूर्व से स्वीकृत पदों के विरुद्ध भर्ती का प्रयास भी अभी से शुरू कर दिया गया है।




### हाईवे पर खेत में युवक का शव मिला



सारंगपुर। सारंगपुर हाईवे स्थित शराब दुकान के समीप एक खेत में गुलावता निवासी युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान अखिलेश पिता कुमेर सिंह, जाति भिलाला, निवासी गुलावता के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए मौका पंचनामा बनाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल युवक की मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है तथा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### वर्मा पर की गई कार्रवाई को वापस लेने सहित रखी अन्य मांगें

# आईएएस संतोष वर्मा के पक्ष में उतरे कई संगठन, की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

अजाक्स के प्रदेश अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा पर मध्य प्रदेश सरकार द्वारा की गई कार्यवाही को असंवैधानिक करार देते हुए अजाक्स सहित ओबीसी, एससी/एसटी व अन्य सामाजिक संगठनों ने रविवार को कलेक्टेट पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। इसके साथ ही वर्मा पर की गई कार्यवाही को वापस लेने एवं उन्हें पद पर यथावत रखने सहित अन्य मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान को सौंपा।

इसके पूर्व सभी संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य नारेबाजी करते हुए कलेक्टेट पहुंचे। यहां संगठनों के पदाधिकारियों ने पदोन्नति में आरक्षण लागू करने, अन्य पिछड़ा वर्ग के 13 प्रतिशत आरक्षण से होल्ड हटाने, बैकलॉग के रिक्त पदों की जल्द पूर्ति करने, आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में 5वीं अनुसूचि का प्रभावी क्रियान्वयन करने सहित 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम एडीएम को सौंपा गया।




#### मांगें नहीं मानी तो 18 जनवरी को प्रदर्शन करेंगे

ओबीसी, एससी/एसटी वर्ग के सभी सामाजिक संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि शासन ने उक्त सभी मांगे नहीं मानी तो आगामी 18 जनवरी 2025 को राजधानी भोपाल में 5 लाख से अधिक लोग एकत्रित होकर प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर ओबीसी महासभा जिला अध्यक्ष डॉ. कन्हैयालाल भारतीय, लाखन सिंह लोधी, पटेल हीरासिंह सोंधिया, नारायण सिंह सौंधिया, रमेशचंद्र सिमरैया, भिलाला समाज जिलाध्यक्ष गोपालसिंह भिलाला, मोंगिया गोंड समाज प्रदेशाध्यक्ष कृष्णपाल सोलंकी, मेघवाल जांगड़ा जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, मेघवाल परिषद प्रदेशाध्यक्ष अनारसिंह वर्मा, जिलाध्यक्ष कैलाशचंद वर्मा, रोडमल ठेकेदार, बलाई समाज जिलाध्यक्ष मानसिंह मालवीय, भीम आर्मी प्रदेश सचिव शिवनारायण जांगड़े, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष कनीराम मेघवाल सहित अन्य समाजों के अध्यक्ष व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### माचलपुर में आज निकलेगी धर्म ध्वज यात्रा

माचलपुर। संगठित हिंदू, समर्थ भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में माचलपुर में रविवार को धर्म ध्वज यात्रा तथा हिंदू सम्मेलन के भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन सकल हिंदू समाज माचलपुर के तत्वावधान में नगर की धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। धर्म ध्वज यात्रा का शुभारंभ दोपहर 1 बजकर 30 बजे श्री चाठा कुण्डी बालाजी मंदिर से होगा। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नगर के जीरापुर रोड स्थित दशहरा मैदान पर पहुंचेगी यात्रा में राम लक्ष्मण हनुमान के पात्र की आकर्षक झांकी निकाली जावेगी। भूमि पूजन स्थल पर विधि-विधान से भूमि पूजन संपन्न किया जाएगा। सकल हिंदू समाज ने आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### थाना प्रभारी करनवास कर्मवीर सिंह एडीपीओ ब्यावरा डाली गुप्ता सम्मानित



ब्यावरा। 14 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म, पुलिस और न्यायालय की तत्परता ने दिलाया मासूम को न्याय। 16 दिनों तक चला ट्रायल, दुष्कर्मी को ताउम्र करावास की सजा वाले मामले में उत्कृष्ट विवेचना एवं उत्कृष्ट अभियोजन में विशेष योगदान देने पर थाना करनवास के थाना प्रभारी उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह, एडीपीओ डोली गुप्ता ब्यावरा को प्रशंसा-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह प्रशंसा-पत्र उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं प्रभावी पुलिसिंग के माध्यम से किए गए सराहनीय कार्यों के लिए दिया गया। प्रशंसा-पत्र में पुलिस अधीक्षक अमित तौलानी द्वारा थाना करनवास थाना प्रभारी उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई है। साथ ही जिला दण्डाधिकारी गिरीश कुमार मिश्रा एवं मंत्री नारायण सिंह पंवार एवं जिला राजगढ़ के प्रभारी मंत्री चेतन्य काश्यप , गौतम टेटवाल मंत्री का भी मार्गदर्शन एवं समर्थन उल्लेखनीय रहा।

# हिंदू सम्मेलन के तहत नगर में निकाली गई कलश व ध्वज यात्रा

### आरएसएस के कार्यकर्ता एवं मातृ-शक्तियों हुईं शामिल

**राजगढ़।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना के शताब्दी वर्ष के तहत राजगढ़ में बस्ती स्तर पर हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन होने वाला है। इसी कड़ी में 21 दिसंबर को मनकामनेश्वर बस्ती का सम्मलन आयोजित होगा, जिसके तहत रविवार को नगर में ध्वज एवं कलश यात्रा का आयोजन किया गया। स्थानीय पारायण चौक से आरंभ हुई यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंगल भवन पहुंची जहां सम्मेलन स्थल पर ध्वज पूजन कर ध्वजारोहण किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में आरएसएस के कार्यकर्ता एवं मातृ-शक्तियां उत्साह के साथ सम्मिलित हुईं। यात्रा के पूर्व पारायण चौक में सामुहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ एवं अक्षत कलश पूजन संपन्न करवाया गया।




#### इन 4 स्थानों पर होंगे हिंदू सम्मेलन

राजगढ़ क्षेत्र में चार स्थानों पर हिन्दू सम्मेलन प्रस्तावित हैं। प्रथम सम्मेलन 21 दिसंबर को मंगल भवन में, द्वितीय सम्मेलन 2 जनवरी 2026 को कलेक्टर बंगले के सामने स्थित बड़ी फील्ड, तृतीय सम्मेलन 4 जनवरी 2026 को राजमहल परिसर में होगा। इसके साथ ही गायत्री बस्ती का हिन्दू सम्मेलन स्टेडियम परिसर में आयोजित होगा।

### विभाग द्वारा किया जाएगा पोल कार्य

# राजगढ़ क्षेत्र के 150 गांवों में आज 4 घंटे गुल रहेगी बिजली



**राजगढ़।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 15 दिसंबर को राजगढ़ क्षेत्र के 33 केवी पिपलोदी फीडर पर मिड स्पॉन पोल का कार्य एसएसटीडी योजना के तहत किया जाना है। ऐसे में इस फीडर से जुड़े राजगढ़, कालीपीठ एवं किला अमरगढ़ उपकेंद्रों से सटे 150 गांवों में 4 घंटे विद्युत सप्लाई पूरी तरह बंद रहेगी। बिजली विभाग के सहायक यंत्री गोपाल मसराम ने बताया कि एसएसटीडी योजना के तहत पिपलोदी फीडर के तहत काफी समय से स्पान पोल का कार्य प्रस्तावित है। सोमवार को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच उक्त कार्य किया जाएगा। ऐसे में इस फीडर से संबद्ध 33/11 केव्ही उपकेंद्र राजगढ़, कालीपीठ एवं किला अमरगढ़ क्षेत्र से जुड़े करीब 150 गांवों में बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। मसराम ने बताया कि विद्युत से जुड़ा कार्य होने के चलते समय में आवश्यतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

#### मंत्री के आगमन के चलते नहीं हो पाई पोल शिफ्टिंग

रविवार को विद्युत विभाग द्वारा निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज में 33 केवी लाइन शिफ्टिंग के चलते सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच 3 घंटे बिजली कटौती की जानी थी। बताया जा रहा है कि जिले के प्रभारी मंत्री के दौरे के चलते विभाग ने अपना शेड्यूल बदल दिया और इसी के चलते कल पोल शिफ्टिंग का कार्य नहीं हो पाया।

### सामाजिक संस्था 'खुशियों का ओटला' ने किया ग्राम हर्नादपुरा में सेवा कार्य



**ब्यावरा।** सामाजिक संस्था 'खुशियों का ओटला' ने रविवार को ग्राम हर्नातपुरा में सेवा कार्य किया। इस अवसर पर संस्था द्वारा जन सहयोग से प्राप्त जरूरतमंदों को 150 शॉल वितरित की गईं तथा 70 बच्चों को गर्म कपड़े प्रदान किए गए। संस्था द्वारा इस शीतकालीन सेवा अभियान अंतर्गत 1000 शॉल वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से अब तक 360 शॉल वितरित की जा चुकी हैं। शेष शॉल का वितरण भी शीघ्र ही अन्य जरूरतमंद क्षेत्रों में किया जाएगा। संस्था 'खुशियों का ओटला' निरंतर समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय रही है और गरीब व जरूरतमंद लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास करती चली आ रही है। इस सेवा कार्य की ग्रामवासियों एवं उपस्थितजनों द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। इस अवसर पर संस्था के संचालक डॉ. सुरजीत सिंह, डॉ. रवि साहू सहित संस्था की पूरी टीम उपस्थित रही। डॉ सुरजीत ने बताया इस मुहिम में शहर के कई सामाजिक लोगों का सहयोग मिल रहा है। संस्था का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना और मानवता की सेवा को निरंतर आगे बढ़ाना है।

### बाल सगाई में मध्यस्थता करने वाले मांग रहे थे यह जुर्माना राशि

# सगाई तोड़ने पर मांगा 15 लाख का झगड़ा 3 पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

नगर के वार्ड-8 प्रतागंज क्षेत्र निवासी एक पिता ने बचपन में अपनी लड़की की सगाई गोरड़खेड़ा गांव के एक लड़के से तय की थी। सगाई के वक्त कुछ लोगों की मौजूदगी में तय हुआ कि लड़की के बालिग हो जाने पर उसका विवाह करवाया जाएगा। बाद में नाबालिग की शादी के लिए दबाव बनाने पर बालिका के पिता ने सगाई तोड़ दी थी।

इस बात पर सगाई कराने में मध्यस्थता करने वाले 3 लोगों द्वारा नाबालिग बालिका के पिता से झगड़े की राशि के रूप में 15 लाख रुपए देने की मांग की जा रही थी। पेशे से मजूदर पिता इतने अधिक रुपए देने में सक्षम नहीं थे, लेकिन उसे बार-बार झगड़े की राशि देने अन्यथा गांव में नुकसान करने की धमकियां दी जा रही थीं। ऐसे में नाबालिग बालिका के पिता ने रविवार को कोतवाली थाने पहुंचकर पूरी आपबीती बताई। मामले में पुलिस ने झगड़ा मांगने वाले 3 लोगों पर विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

#### इन पर दर्ज हुआ मुकदमा

पुलिस से मिली जानकारी पर झगड़ा मांगने वाले जिन तीन लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है उनमें हरिसिंह गुर्जर निवासी ग्राम चैनपुरिया, भूरजी गुर्जर एवं पर्वत गुर्जर दोनों निवासी ग्राम फत्तूखेड़ी शामिल हैं। इन तीनों पर बीएनएस की धारा 308(5) एवं 3(5) के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।




#### क्या है झगड़ा कुप्रथा

जिले के कुछ समाजों में नातरा, झगड़ा कुप्रथा कई प्रयासों के बाद भी पैर पसारे हुए है। अगर किसी बालिका, महिला की सगाई टूट जाती है तो लड़का पक्ष या सगाई में मध्यस्थता करने वालों द्वारा एक राशि की डिमांड बालिका/महिला के पिता से की जाती है। उक्त राशि नहीं देने पर गांव में आकर नुकसान, आगजनी, मारपीट की घटनाओं को अंजाम दिया जाता है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।